## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित, राज्यसभा में 12 घंटे की चर्चा के बाद मिली मंजूरी, 128 सदस्यों ने पक्ष और 95 ने विपक्ष में किया मतदान।
2. वक्फ संशोधन विधेयक पर गरमाई प्रदेश की राजनीति ,सत्ताधारी दलों ने विरोध में खोला मोर्चा, जवाब में भाजपा और आजसू ने भ्रम फैलाने का लगाया आरोप।
3. बोकारो में विस्थापित अप्रेंटिस संघ और सीआईएसएफ के बीच झड़प में एक युवक की मौत, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक देर रात गिरफ्तार, तीन सदस्यीय टीम करेगी घटना की जांच।
4. मौसम विभाग ने रांची, बोकारो समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश और वज्रपात की जताई संभावना, जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
   और
5. जमशेदपुर एफसी ने फर्नेस में इंडियन सुपर लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में मोहन बागान एसजी को हराया, फाइनल में पहुंचने का दावा और मजबूत।

********************

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने 12 घंटे की चर्चा के बाद इसे आज मंजूरी दी। एक सौ अठाइस सदस्यों ने संशोधन विधेयक के पक्ष में और 95 ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। साथ ही प्रबंधन में पारदर्शिता तथा वक्फ बोर्ड और स्थानीय प्राधिकरणों के बीच समन्वय बढ़ाकर प्रशासन में सुधार लाना है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लाभान्वित होंगे।

श्री रिजिजू ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार सबका साथ और सबका विकास के विजन के साथ काम करती है और यह किसी भी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं करती है।

संसद में मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024, को भी मंजूरी दे दी है। यह विधेयक मुसलमान वक्फ अधिनियम 2023 का स्थान लेगा।

********************

वक्फ संशोधन विधेयक पर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी का दौर जारी है। सत्ताधारी दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में इस बिल का विरोध करते हुए कहा कि राज्य की सहमति के बिना एक इंच भी वक्फ की संपत्ति जाने नहीं देंगे।

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भी इस संशोधन का विरोध किया ।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने वक़्फ़ बिल का स्वागत करते हुए इसे आदिवासियों के हितों और संस्कृति की रक्षा का सुरक्षा कवच बताया।

वहीं आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने भी वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया है।

********************

हजारीबाग जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा का 46वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा.। जिला स्कूल में आयोजित होने वाले समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

********************

गुमला जिले में गरीबों और वंचितों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए कुल आठ लाख इकहत्तर हजार पांच सौ तिरसठ लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**********************

पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में एनएच 98 पर भीषण सड़क हादसे में एक बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई । जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे पर रुदवा के बैराही मोड़ में कार से बाइक की आमने सामने टक्कर से यह हादसा हुआ

**********************

बोकारो जिले में बीएसएल प्लांट के सामने नियोजन की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे विस्थापित अप्रेंटिस संघ और सीआईएसएफ के बीच हुई झड़प में एक विस्थापित युवक की मौत हो गई। इस मामले में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक हरि मोहन झा को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। उपायुक्त विजया जाधव ने बताया है कि अगले 21 दिन के अंदर अप्रेंटिस किए हुए विस्थापितों को बीएसएल नियोजन देने को राजी हो गया है। साथ ही मृतक के एक आश्रित को नौकरी और 20 लाख रुपए मुआवजा देगा। बीएसएल प्रबंधन की ओर से घायलों का इलाज कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि एसडीओ, चास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी घटना की जांच करेगी। उन्होंने जिलेवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की ।

**********************

गर्मियों में यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय ने राजस्थान के जयपुर स्थित मदार जंक्शन से रांची के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन छह अप्रैल से 29 जून तक चलेगी। इधर चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया जाएगा इसके तहत दो ट्रेनें रद्द रहेंगी

**********************

जामताड़ा जिले में पुलिस ने नारायणपुर थाना अंतर्गत बांसपहाड़ी गांव से 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि इनके पास से विभिन्न कंपनियों के मोबाइल , सिम कार्ड और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

**********************

फर्नेस में जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सेमीफाइनल के पहले चरण में आईएसएल शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जायंट को 2–1 से हरा दिया। इस जीत के साथ, जमशेदपुर एफसी 7 अप्रैल को कोलकाता में होने वाले दूसरे चरण में 2–1 की बढ़त के साथ उतरेगी।

**********************

मौसम विभाग ने रांची, बोकारो समेत राज्य के कई जिलों में आज आंधी बारिश के साथ ओलावृष्टि का पूर्वानुमान जताया है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रभावित जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने संसद से वक्फ संशोधन बिल पारित किए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– वक्फ विधेयक पर संसद की मुहर।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– शहर में पावर कट, सरहुल पर घंटों बिजली काटे जाने पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, जेबीवीएनएल से मांगा जवाब।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– तीन आईएएस को अतिरिक्त प्रभार ।

**रामनवमी को लेकर बदलाव,तीन दिनों के लिए शहर का ट्रैफिक रूट बदला गया , शोभा यात्रा वाले मार्गों पर वाहन नहीं चलेंगे। दैनिक भास्कर** ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******************